**कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण ट्रांसपोर्ट नगर, सहारनपुर रोड देहरादून**

पंत्राक 345/विकास कार्य/नि0सू0/2025–26 दिनांक ......29/9/...2025

**ई–निविदा सूचना**

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा निम्न कार्य हेतु इस प्रकार के कार्य करने वाली दक्ष एवं अनुभवी फर्मो/ठेकेदारो से टू–बिड (तकनीकी एवं वित्तीय बिड) के आधार पर दि0 30.10.25 को अपरान्ह 2.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार/फर्म उक्त कार्य हेतु नियत तिथि व समय तक uktenders.gov.in की बैबसाईट में प्रतिभाग/अपलोड कर सकते है। प्राप्त तकनीकी बिड को निविदा समिति /अधिकृत प्राधिकारी द्वारा दिनांक 31.10.25 को सांय 3.00 बजे उपरान्त उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। सफल निविदादाताओं को वित्तीय बिड खोलने हेतु अलग से सूचित किया जायेगा। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नही किया जायेगा। आगणन में अकिंत मदो एंव सामग्री की मात्रा पूर्णत अनुमानित है इसमें परिविर्तन (घटत/बढत) सम्भावित है परन्तु भुगतान वास्तविक कार्य के माप/आंकलन के आधार पर किया जायेगा।

इच्छुक प्राधिकरण में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म द्वारा उक्त कार्य हेतु तालिका में अंकित निविदा मूल्य की धनराशि का पे–आर्डर जो सचिव, एम0डी0डी0ए0 के पक्ष में हो, एवं निर्धारित राशि की धरोहर राशि जो एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में होगी, तथा अधिशासी अभियन्ता,म0दे0वि0प्रा0 के नाम बन्धक होगी, एवं शर्तो के अनुसार अन्य अभिलेखो को उक्त बैबसाईट में उक्त तिथि व समय तक निविदा प्रस्ताव के साथ स्कैन करना होगा तथा इन सभी की मूल प्रति एक सील बन्द लिफाफे में तकनीकी बिड के साथ दिनांक 31.10.25 को अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रत्येक दशा में प्राधिकरण के सम्बन्धित अनुभाग (अभियन्त्रण अनुभाग, चतुर्थ तल)में जमा करनी होगी। निर्धारित समय तक धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 व निविदा मूल्य का ड्राप्ट व अन्य अभिलेख इत्यादि (तकनीकी बिड की स्कैन प्रति )जमा न करने की दशा में उस फर्म की निविदा पर विचार नही किया जायेगा। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र, जी0 पी0 डब्लू0–9 एवं उत्तराखण्ड शासन द्वारा परफोरमेन्स सिक्यूरिटी एवं जमानत राशि हेतु जारी शासनादेश संख्या शासनादेश संख्या 1197/II (2)/07–75(सामान्य)/II दिनांक 24–2–2014 एवं अन्य के अनुसार होगी। जी0एस0टी0 नियमानुसार देय होगी। समस्त निविदाओं की बैधता 60 दिन मान्य रहेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनु0 लागात (लाख) | धरोहर राशि (लाख रू0) | टेन्डर शुल्क | समय (माहो में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आई0एस0बी0टी0 के समीप सहारनपुर रोड में स्थित फ्लाई ओवर में फसाड लाईटिंग के कार्य | 337.94 | 6.76 | 5900-00 | 04 |

**निविदा के साथ मूल रूप में निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत किये जाने अनिवार्य है :–**

1. निविदा वैधता के सम्बन्ध में, सत्यता और शुद्धता के सम्बन्ध में, लिटिगेशन की सूचना के सम्बन्ध में, निविदा समिति के निर्णय/नो क्लेम के सम्बन्ध में, No Dues के सम्बन्ध में, एवं जी0एस0टी0, आई0टी0 व अन्य विभागों के सम्बन्ध में रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर, एवं रू0 1.00 के रसीदी टिकट के साथ नोटराइज्ड़ हस्ताक्षरित शपथ पत्र।
2. उत्तराखण्ड़ शासन के शासनादेश सं0 770/iii(2) 17-20(सामान्य) 2011 टी0सी0 दिनांक 12.06.2017 के अनुसार विभागीय दरों से 5 प्रतिशत से कम दरों पर निविदा देने पर अतिरिक्त परफोरमेंस सिक्योरिटी नियमानुसार जमा करनी होगी।
3. प्राधिकरण को बिना कारण बताये किसी एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार होगा।
4. निविदा में प्रतिभाग करने में दूरसंचार एवं निविदा को बेवसाईट पर तकनीकी खराबी आदि से निविदादाता को होने वाली कठिनाइयों हेतु प्राधिकरण जिम्मेदार नहीं होगा।

अधिशासी अभियन्ता
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण,
देहरादून ।